उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा

U.P. University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130 (India)

पत्रांकः 2439 /यूपीयूएमएस/अधि0–05(172)/विविध/2024–25 दिनांकः 19 अक्टूबर, 2024

परिपत्र

उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 के शासनादेश दिनांक 24.02.2023 द्वारा सृजित सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के पदों पर एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में विहित व्यवस्था के कम में पूर्व में दिनांक 24.07.2024 को एल0डी0सी0 की परीक्षा आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 10 कार्मिकों को सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी थी।

शेष 09 पदों को पूर्व की भाँति एल0डी0सी0 (Limited Departmental Competition) के माध्यम से निम्नलिखित शर्तों के अधीन भरे जाने का निर्णय लिया गया है:–

1. विश्वविद्यालय में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिनके द्वारा कम से कम पॉच वर्ष की नियमित सेवा लेवल–2 (ग्रेड वेतन रू0 1900) अथवा उससे अधिक लेवल में पूर्ण की गयी है, वे उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने के पात्र हैं। सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट पद हेतु शैक्षिक योग्यता स्नातक होना अनिवार्य है।
2. उक्त परीक्षा आब्जेक्टिव टाइप के 100 अंक की होगी। जिसकी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
3. उक्त परीक्षा उत्तीर्ण किये जाने हेतु कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
4. यह परीक्षा मात्र क्वालीफाइंग होगी।
5. उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कार्मिकों का टाईपिंग में स्किल टेस्ट लिया जाएगा। हिन्दी अथवा अंग्रेजी टाईप में 25 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
6. उक्त परीक्षा ओ0एम0आर0 शीट पर सम्पादित करायी जाएगी।
7. उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कार्मिक जिनका वेतन सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के इन्ट्री वेतन से अधिक है, उनका वेतन संरक्षित रखा जायेगा।

एल0डी0सी0 का प्रथम चरण (लिखित परीक्षा, बहुविकल्पीय) दिनांक 05.11.2024 को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के परीक्षा हाल में सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने के इच्छुक कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि विलम्बतम दिनांक 25.10.2024 तक संलग्न प्रारूप में अपना बायोडाटा समस्त संलग्नकों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोक्त।

(डॉ0 चन्द्रवीर सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी।
2. समस्त, संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. चिकित्सा अधीक्षक।
4. प्रभारी, सी0ए0सी0 को आज ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
5. वैयक्तिक सहायक को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
6. निजी स्टाफ, प्रति–कुलपति।
7. निजी स्टाफ, कुलसचिव।
8. समस्त नोटिस बोर्ड।

Chandr

(डॉ0 चन्द्रवीर सिंह)
कुलसचिव